PendulumEdu







करेंट अफेयर्स

11-11-2019

# करेंट अफेयर्स

**11th November 2019**

www.pendulumedu.com

# करेंट अफेयर्स – 11 नवंबर 2019

## 1. पति या पत्नी को वर्क परमिट देने वाला एच–1बी वीजा नियम अमेरिकी अदालत द्वारा बरकरार

- अमेरिका की एक अदालत के द्वारा हजारों भारतीयों को अस्थायी राहत देते हुए पति या पत्नी को वर्क परमिट देने वाला एच–1बी वीजा नियम को बरकरार रखा गया है।
- कोलम्बिया सर्किट जिले की एक अपील अदालत की तीन न्यायधीशों की बैंच ने निचली अदालत की एक याचिका को लौटाते हुए ये फैसला सुनाया है।
- एच–1बी वीजा एक अप्रवासी वीजा है जो अमेरिकी कंपनियों को विशेषज्ञतापूर्ण व्यवसायों में विदेशी श्रमिकों को रोजगार प्रदान करने की छूट देता है।
- 2015 में तत्कालीन राष्ट्रपपि बराक ओबामा के काल में भारतीयों को यह सुविधा प्रदान की गई थी।
- ट्रम्प शासन के दौरान अमेरिकी श्रमिकों के द्वारा इस नियम को चुनौति दी गई थी।

## 2. अंतराष्ट्रीय पेट्रोलियम प्रदर्शनी और सम्मेलन

- अंतराष्ट्रीय पेट्रोलियम प्रदर्शनी और सम्मेलन का आयोजन **10 से 12 नवंबर को अबु धाबी, संयुक्त अरब अमीरात** में किया जाएगा।
- इस सम्मेलन में भारत के पेट्रोलियम मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान भाग लेगें।
- साथ ही वे इस सम्मेलन के मंत्रीस्तरीय सत्र का भी उद्घाटन करेगें।
- इस सम्मेलन के दौरान धर्मेन्द्र प्रधान संयुक्त अरब अमीरात के ऊर्जा और उद्योग मंत्री सुहेल मोहम्मद फरज़ अल मज़रोउई से मुलाकात करेगें और दोनों देशों के मध्य **हाइड्रोकार्बन और इस्पात** के क्षेत्र में द्विपक्षीय वार्ता भी संपन्न होगी।

## 3. सेवाओं वर वैश्विक प्रदर्शनी के 5वें संस्करण का आयोजन बैंग्लुरू में

- सेवाओं वर वैश्विक प्रदर्शनी के 5वें संस्करण का आयोजन 26 से 28 नवंबर को बैंग्लुरू, कर्नाटक में किया जाएगा।
- इसमें विश्वभर की सरकार और उद्योगों को शामिल किया जाएगा।
- इसका उद्देश्य भारत और शेष विश्व के बीच सेवाओं के व्यापार को अधिक से अधिक बढ़ाना है।

## 4. रक्षा नवाचार सम्मेलन

- रक्षा मंत्रालय के द्वारा नई दिल्ली में रक्षा उत्कृष्टता के लिए नवाचार पहल की उपलब्धियों का वर्णन करने के लिए, एक सम्मेलन आयोजित किया है।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि होगें।
- इस सम्मेलन का उद्देश्य आईडेक्स इकोसिस्टम के सभी हितधारकों अर्थात्– रक्षा मंत्रालय, रक्षा नवाचार संगठन, नोडल एजेंसियों जैसे कि भारतीय वायुसेना, सेना और थल सेना, डीआरडीओ और अन्य को साथ लाना है।
- साथ ही इस अवसर पर आईडेक्स iDEX रक्षा पोंटल और रक्षा भारत स्टार्टअप चैलेंज (DISC)-III का शुभारंभ शामिल है।

## 5. विश्व आर्थिक मंच (WEF) की वार्षिक बैठक का आयोजन

- विश्व आर्थिक मंच की 50 वीं वार्षिक बैठक का आयोजन दावोस, स्वीट्जरलैंड में 21 से 24 जनवरी 2020 के मध्य किया जाएगा।
- दुनियाभर के अमीर और सशक्त लोगों की यह बैठक सामान्य से अधिक भव्य होने वाली है।
- इस सम्मेलन में भारत के कुल 100 से अधिक लोग हिस्सा लेगें जिसमें सी.ई.ओ, राजनेता और फिल्मी हस्तियां शामिल हैं।
- साथ ही इस मौके पर कई वैश्विक नेता भी शामिल होगें।

- विश्व आर्थिक मंच 2020 की थीम के अनुसार दुनियाभर से **टिकाऊ और सामंजस्यपूर्ण दुनिया** के लिए हितधारकों का चयन किया है।
- इस बैठक का उद्देश्य वैश्विक पूंजीवादी हितधारकों और अंतराष्ट्रीय संस्थानों को सतत् विकास लक्ष्यों और पेरिस जलवायु सम्मेलन की प्रगति की लिए प्रोत्साहित करना है।
- यह एक गैर सरकारी संगठन है। जिसकी स्थापना 1971 में की गई थी।
- इसका मुख्यालय **कोलोन, स्वीट्जरलैंड** में है।

## 6. कोर्ट ऑफ इंडिया पुस्तक के असमिया संस्करण का विमोचन

- भारत के मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई के द्वारा **'कोर्ट ऑफ इंडिया–पास्ट टू प्रेजेन्ट'** पुस्तक के असमिया संस्करण का विमोचन हाल ही में गोवाहाटी में किया गया है।
- इस किताब का उद्देश्य भारतीय न्यायापालिका की जटिलताओं को सरल और आसान भाषा में नागरिकों के लिए प्रस्तुत करना है।
- यह पुस्तक भारत में न्यायापालिका व्यवस्था के इतिहास की जानकारी देती है। साथ न्यायालयों की स्थापना के काल का भी वर्णन करती है।
- इस पुस्तक को जस्टिस एस. ए बोबडे की अध्यक्षता वाली समिति के द्वारा संकलित किया गया है।
- केन्द्रीय सूचना और प्रसारण विभाग के द्वारा इसे प्रकाशित किया गया है।
- भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश के द्वारा इस पुस्कत की प्रस्तावना लिखी गई है।

## 7. भारत चीन व्यापार फॉरम निरस्त

- चीनी प्रतिनिधिमंडल को वीजा जारी ना करने के कारण भारत चीन व्यापार फॉरम की बैठक को निरस्त कर दिया गया है।
- प्रत्येक वर्ष होने वाली इस बैठक को इस वर्ष 13–14 नवंबर को नई दिल्ली में होना था।

- इस बैठक में केन्द्रीय एमएसएमई मंत्री नितिन गडगरी मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित थे। जबकि मुख्य आर्थिक सलाहाकर और नीति आयोग के सदस्य वक्ताओं के रूप में हिस्सा लेने वाले थे।

## 8. फेडरल बैंक के नये अध्यक्ष की नियुक्ति

- दक्षिण क्षेत्र आधारित निजी श्रृणदाता फेडरल बैंक के नये अध्यक्ष के रूप में **ग्रेस एलिजाबेथ कोसी** की नियुक्ति की गई है।
- वह इस बैंक की **पहली महिला अध्यक्ष** हैं।
- गेस एलिजाबेथ कोसी फेडरल बैंक बोर्ड की पहली महिला अध्यक्ष भी रह चुकी हैं।
- फेडरल बैंक केरल और तमिलनाडू राज्यों का श्रृण प्रदान करने वाला सबसे बड़ा निजी सेक्टर बैंक है।

## 9. पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त टी एन सेशन का निधन

- 86 वर्षीय **पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त** टी एन सेशन का दिल का दौरा पड़ने के कारण कल चेन्नई में निधन हो गया।
- वे 1955 बैच के तमिलनाडु कैडर के प्रशासनिक अधिकारी थे।
- उन्होनें **रक्षा सचिव और कैबिनेट सचिव** पदों पर भी कार्य किया था।
- 1990 में चुनावी प्रक्रिया में लाए गये सुधारों और लोकतंत्रात्मक संरचना के लिए टी एन सेशन विशेष रूप से जाने जाते हैं।

## 10. जापान के केंटों मोमोटा ने जीता चाईना ओपन का खिताब

- जापानी बेडमिंटन खिलाड़ी ने ताईवान के खिलाड़ी टी एन चेन को हराकर चाईना बेडमिंटन ओपन पुरूष का खिताब जीत लिया है।
- साथ ही चीनी खिलाड़ी चेन युफेई ने जापान की नोजोमी ओकुहारा को हराकर महिला चाईना बेडमिंटन ओपन का खिताब जीत लिया है।

## समसामयिक प्रश्नोत्तर

1. **H-1B** के द्वारा क्या प्रदर्शित होता है?

a.एक प्रकार का फ्लू वायॅरस

b.एक प्रकार का वीजा

c.एक प्रकार का जी. एम धान

d. HIV का नया जीन

उत्तर– b

**2. iDEX** का क्या अर्थ है?

a. इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सीलेंस

b. इनोवेटिव डिफेंस एक्सीलेंस

c. इनोवेशन इन डिजाइनिंग एण्ड एक्सीलेंस

d. इनोवेशन इन डिमांड एण्ड एक्सपोर्ट

उत्तर– a

**3.** विश्व आर्थिक मंच का मुख्यालय कहाँ स्थित है?

a. दावोस, स्वीट्जरलैंड

b. जेनेवा, स्वीट्जरलैंड

c. कोलोन, स्वीट्जरलैंड

d. ज्यूरिख, स्वीट्जरलैंड

उत्तर– c

**4.** हाल ही में 'कोर्ट ऑफ इंडिया– पास्ट टू प्रेजेन्ट' पुस्तक का विमोचन किस भाषा में किया गया है?

a. मणिपुरी

b. बंगाली

c. ओडीसी

d. असमिया

उत्तर– d

**5.** टी एन सेशन कौन थे?

a. पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त

b. पूर्व कैबिनेट सचिव

c. पूर्व रक्षा सचिव

d. उपरोक्त सभी

उत्तर– d

Read Daily Current Affairs 10 November 2019-Hindi

Read Daily Current Affairs 10 November 2019-English

Read Banking/Financial Awareness 11 November 2019-English

Attempt Free IBPS CLERK PRELIMS Mock Test

**Banking, SSC, Railways, Defence, GATE, JEE, NEET & other Competitive Exams**

- Latest Exam Pattern
- Daily Current Affairs
- One to One Session
- Detailed Solutions
- Can be Taken on Web & Mobile

